हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# ‘लेटर बम’ के बाद बदली कार्यकारिणी, दो हटे पर जिन्हें मिला पद वह भी रूठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा की कार्यकारिणी के जारी होने के बाद से संगठन और वरिष्ठ नेताओं के बीच छिड़ा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में जारी एक लेटर बम के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यकारिणी से दो नेताओं को पदो से हटाकर दो नए नेताओं को मनोनित किया है। इधर बिना किसी सूचना और कारण के दो नेताओं को कार्यकारिणी से हटाए जाने से जहां वे नाराज है वहीं जिन वरिष्ठ नेताओं को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है वे भी अपने पद को देखकर मायूस हो गए है।

जिला भाजपा में मची खींचतान और गुटबाजी एक बार फिर सामने आई है। जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद से वरिष्ठ नेताओं और संगठन के बीच उपजे विवाद के चलते प्रदेश भाजपा संगठन को सूची में बदलाव करने का निर्देश देना पड़ा है। जिला भाजपा द्वारा जारी कार्यकारिणी के बाद से जिलेभर के नेताओं में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गयी थी। जिले के भाजपा नेताओं ने प्रदेश संगठन के पास शिकायत करते हुए कहा था कि 30 पदों की कार्यकारिणी में अकेले राजनांदगांव विधानसभा से ही 19 नेताओं की ताजपोशी कर दी गई है। डोंगरगढ़, खुज्जी और डोंगरगांव विस के नेताओं की उपेक्षा कर दी गई है। यहां के सिर्फ 11 नेताओं को ही शामिल किया गया था। यहीं नही एक व्यक्ति एक पद के निर्देश की भी धज्जियां उड़ाते हुए तीन जिला पंचायत सदस्यों को पदो पर आसीन कर दिया गया है। सूत्रो ने बताया कि जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा की गई शिकायत को प्रदेश संगठन ने काफी गंभीरता से लिया। बताया जाता है कि प्रदेश संगठन ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को कार्यकारिणी में जिले के नेताओं को शामिल करने के निर्देश जारी किए। इसके बाद अध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी की संशोधित सूची जारी की है।

## जिला भाजपा की कार्यकारिणी को लेकर मचे बवाल को शांत करने की कोशिश

### अतुल और आकाश की छुट्टी

जिला भाजपा संगठन द्वारा जारी की गई संशोधित



सूची में सह कोषाध्यक्ष आकाश चोपड़ा और कार्यालय प्रभारी अतुल रायजादा को बिना किसी कारण के ही पद से हटा दिया गया है।



बताया जाता है कि दोनो नेताओं को पद से हटाने के पहले कोई जानकारी भी नहीं दी। जिसके चलते दोनो नेताओं को झटका लगा है।

### नाम किसी का, हटे कोई और




सूत्रों ने बताया कि प्रदेश भाजपा संगठन ने जिन दो नेताओं को कार्यकारिणी से हटाने के लिए कहा था, उन्हें न हटाकर दूसरे नेताओं को हटा दिया गया है। यहीं नहीं प्रदेश संगठन ने भाजपा नेता मूलचंद लोधी को मंत्री या उपाध्यक्ष पद पर मनोनित करने कहा था, लेकिन उन्हें यह जिम्मेदारी नहीं दी गई।

### मोर्चा अध्यक्ष अब कार्यालय प्रभारी

सूची में जिन दो नेताओं को मनोनित किया गया है,



उनका डिमोशन कर दिया गया है। जिला भाजपा के दो बार के उपाध्यक्ष और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे मूलचंद लोधी को



कार्यकारिणी में कार्यालय प्रभारी बना दिया गया है। डोंगरगढ़ मंडल के दो बार के उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्रा को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है।

---

### समर्थन मूल्य में खपाने पड़ोसी राज्यों से लाकर डंप किया था अवैध धान

# दर्जनभर कोचियों के गोदामों में प्रशासन की दबिश, एक करोड़ का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होते ही अवैध रूप से सेवा सहकारी समितियों में धान खपाने वाले कोचिये सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन इस वर्ष प्रशासन अवैध धान को रोकने के लिए काफी मुस्तैद नजर आ रहा है। लगातार जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते अवैध धान का भंडारण और इसमें लगे वाहन जब्त किए जा रहे हैं।

कलेक्टर जितेंद्र यादव के सख्त निर्देश के बाद अवैध धान को रोकने के लिए विभागीय अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में बड़े पैमाने पर करोड़ों रुपए का धान बरामद हो रहा है। आज कलेक्टर के निर्देश पर छापेमार कार्रवाई करते प्रशासनिक टीम द्वारा 14 मामलों में

⏩ शेष पेज 14 पर

### छापेमार कार्रवाई से हड़कंप

प्रशासनिक अमले ने दबिश देते हुए ग्राम करमरी में थोक व्यापारी पीयूष जैन पिता नेमिचंद द्वारा नवनिर्मित मकान को किराये में लेकर रखे गए लगभग 1500 कट्टा में 600 क्विंटल अवैध धान का भंडारण पाया गया। जिसका किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त धान पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं ग्राम करमरी में अरविंद जैन शांति विजय ट्रेडर्स के किराने की दुकान में बिना लाइसेंस के धान खरीदी कर 250 कट्टा अवैध धान का भंडारण पाया, जिसे जब्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं छुरिया क्षेत्र के हाटबंजारी से 80 कट्टा धान वाहन के साथ जब्त किया गया है। इसी तरह सिंघोला में फुटकर व्यापारी से 44 कट्टा और उसरीबोड में थोक व्यापारी से 800 कट्टा धान की जब्ती किया गया है।



### तीन वाहन भी हुआ जब्त

प्रशासनिक टीम द्वारा अब तक कुल 65 प्रकरणों में 10646 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 3 करोड़ 30 लाख 26 हजार रुपए है। वहीं अब तक अवैध धान के मामले में तीन वाहन भी जब्त किया जा चुका है। जब्त धान और वाहनों को धान खरीदी अवधि समाप्त होने के बाद ही छोड़ा जाएगा।

### किराये के मकान में धान

जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान को रोकने लगातार की जा रही इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है और धान कोचियों द्वारा किराये के मकान लेकर धान छुपाने का प्रयास भी किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक टीम की मुस्तैदी से लगातार अवैध धान पर कार्रवाई हो रही है।

---

0 राजनांदगांव। मौसम परिवर्तन के साथ ही ठंड में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। निजी सहित शासकीय चिकित्सालयों में मौसमी बीमारी के मरीज बड़ी संख्या में उपचार हेतु पहुंच रहे हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...



- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन



डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP

OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

---

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर डराने और धमकाने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव**। चाकू लेकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर थाने के निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 25 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बबलु उर्फ तामेश्वर सोनकर 26 साल निवासी सोनकरपारा नंदई को शीतला माता मंदिर नंदई चौक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना के आधार पर गठित टीम को मौके पर रवाना किया गया।

उक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे में रखे एक नग धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

# फल लेने के बहाने मारपीट कर नगदी लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फल लेने के बहाने व्यवसायी को चाकू से डराकर नगदी रकम लूटने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया कि मोहारा महालक्ष्मी मार्केट के पास फल दुकान का संचालन करता है। 25 नवंबर को दोपहर लगभग 2 बजे स्कूटी सवार दो व्यक्ति उसके दुकान में फल खरीदने के लिए रूके, जो फल खरीदने के बहाने दुकान में आए और पैसा मांगने लगे, पैसा नहीं देने पर मारपीट करने लगा। अपने पास रखे धारदार चाकू को इसके गर्दन के पास रखकर गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 4500 रुपए को लूटकर भाग गए। पुलिस ने इस मामले में धारा 309(4) बीएनएस पंजीबद्व किया।



### दो पर कार्रवाई, स्कूटी जब्त

इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों के ठिकानों में दबिश देकर आरोपी सूरज सिंह 20 साल निवासी बंगाली चाल व आदित्य यादव 21 साल बंगालीचाल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। लूट में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया।

### अवैध रूप से शराब परिवहन, पकड़ाया

**राजनांदगांव**। मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 32 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्र अंतर्गत 24 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम टेका चौक मेन रोड के पास स्कूटी जुपीटर को रोककर चेक करने पर गाड़ी की डिक्की में 32 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 3840 रुपए बरामद हुआ। बरामद शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोपेड को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, जिसे न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया गया।

---

### सिर्फ दो-तीन जगह ही आधार अपडेट कराने की व्यवस्था

# आधार कार्ड सुधरवाने बड़ी मशक्कत, पोस्ट ऑफिस के बाहर 6 बजे से लग रही लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधार कार्ड में त्रुटि सुधार के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। शहर में आधार सुधारने एक-दो केंद्र होने के चलते भीड़ बढ़ रही है। आलम यह है कि पोस्ट ऑफिस के बाहर आधार सुधरवाने सुबह से ही लोगों की भीड़ जमा हो रही है। यहां सुबह 10 बजे गेट खुलते ही काउंटर पर पहले लाइन लगने भगदड़ मच रही है। पहले आगे बढ़ने के चक्कर में धक्का-मुक्की तक की स्थिति भी बन रही है। लोक सेवा केन्द्रों में आधार कार्ड का सिर्फ बायोमेट्रिक अपडेट होता है, लेकिन आधार कार्ड में त्रुटि सुधरवाने के लिए पोस्ट ऑफिस ही मुख्य केंद्र है। जिसकी वजह से पोस्ट ऑफिस में अधिक भीड़ हो रही है।

⏩ शेष पेज 14 पर



### मैसेज के बाद बच्चों की भीड़

आधार कार्ड के नियम अनुसार 5 साल आयु पूरी करने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक आधार अपडेट करवाना अनिवार्य है। इसके लिए लोगों के मोबाइल फोन पर आधार निःशुल्क अपडेट कराने मैसेज भी आ रहे हैं। इस मैसेज के बाद बच्चों का आधार अपडेट करने के लिए भी पालकों की भीड़ उमड़ रही है। इनमें कई बच्चे ऐसे हैं। जिनका नाम भी सुधरवाने पालक पोस्ट ऑफिस पहुंच रहे हैं।

### एसआईआर से बढ़ी भीड़

एसआईआर के लिए मिले फॉर्म और आधार कार्ड में नाम में मात्राओं का फर्क होने पर भी लोग आधार कार्ड सुधरवाने पहुंच रहे हैं। वहीं विवाहित महिलाओं का नाम एसआईआर फॉर्म में विवाह के पश्चात मिले सरनेम सहित आ रहा है, लेकिन उनका आधार कार्ड मायके से बना होने की वजह से सरनेम में फर्क है। जिसको लेकर महिलाओं की अधिक भीड़ हो रही है। आधार कार्ड सुधरवाने पहुंचे रोहित साहू का कहना है कि आधार कार्ड में उनके नाम की मात्रा में त्रुटि है। वहीं वोटर लिस्ट में नाम सही होने पर वह अपना आधार कार्ड सुधरवाने आए हैं।

---

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का संकल्प

# बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ युवा कार्यकर्ताओं ने बोला हल्ला

## वोट चोरी के मुद्दे पर शहर में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶डोंगरगांव

एसआईआर प्रक्रिया के बीच वोट चोरी और बिजली की दरों में भारी वृद्धि के विरोध में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन और जिलाध्यक्ष महेश सेन के नेतृत्व में शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। युवा नेताओं ने इस दौरान शहर के चौक- चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा किया।

युवा कांग्रेस की बैठक में वोट चोरी, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के मुद्दों को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं निखिल द्विवेदी ने संगठन को मजबूत करने निर्देशित किया एवं युवा कांग्रेस के कार्यों की समीक्षा की।





### नहीं मिल रहे वोटर

जानकारी के अनुसार शहर में जारी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और बीएलओ को वोटरो को ढूंठने में काफी मश्क्कत करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत सहित अन्य चुनाव की मतदाता सूची में जिनके नाम दर्ज हैं अब वह एसआईआर प्रक्रिया के दौरान नहीं मिल रहे हैं।

### काम करने वालों को मिलेगा मौका

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने बूथ पर मेहनत कर रहे है जिन्हे संगठन में मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग पद लेकर आराम कर रहे है उन पर संगठन सक्ति बरतेगी। युवा कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव और लिलेश पटेल ने कहा कि युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता दमन कारी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने संकल्पित हैं। सभा का संचालन पार्षद प्रियंक जैन ने किया।

### सरकार के खिलाफ नारेबाजी

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर वोट चोरी और बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। रैली में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, टिकेश साहू, मदन साहू, गणेश साहू, संध्या साहू, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहू, राकेश साहू, श्रुति शुक्ला, मनोज निषाद, गुलशन साहू, राज सिन्हा, महेंद्र सिन्हा, जयप्रकाश वर्मा, उपेंद्र सोनी, लोकेश साहू, टीकम सिन्हा, संजू कौशिक, शशांक खोबरागड़े, हरेंद्र साहू, तुषार यादव, संदीप डहरे, युगल देवांगन, गिरीश साहू, शरद वैष्णव, भानु साहू, कोमल मंडावी, चाणक्य गोस्वामी, डोमार मंडावी, सुधीर पटेल, अजय श्रीवास, अमित ठाकुर, अभय लोढ़ा, अब्दुल, राकेश साहू, इंदरीश, सिब्बू देवांगन, हेमंत देवांगन, रुपेश, राजा वैष्णव आदि शामिल हुए।

# शहर की सड़कें हुई खस्ताहाल आवाजाही करने में बढ़ी परेशानी

- मरम्मत की ओर विभाग का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शहर की सडकें इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी हैं। बरसात के दिनों में हुए गड्ढों की अब तक मरम्मत नहीं हुई है, जिससे शहरवासियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बारिश थमने के बाद भी कई क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति जस की तस बनी है। धूल उड़ने से लोगों को श्वास से जुडी दिक्कतें हो रही हैं, वहीं वाहन चालकों को गड्ढों के कारण हिचकोले खाने पड रहे हैं। पिछले वर्ष बनाई गई कई सडकें एक साल में ही दम तोडने लगी हैं। गुणवत्ता और निर्माण मानकों पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि सड़कों का कम समय में खराब हो जाना आक्रोश पैदा कर रहा है। शहर के मुख्य मार्गों की हालत किसी से छिपी नहीं है। बुधवारी रोड में खालसा पब्लिक स्कूल, श्रीराम कृपा हॉस्पिटल मार्ग, दुर्गा मंदिर, गोल बाजार समेत नगर कई हिस्सों की सड़कों पर बडे-बडे गड्ढे हो गए हैं।



### विभाग को फंड का इंतजार

पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों का कहना है कि मार्ग की मरम्मत के लिए फंड आने का इंतजार किया जा रहा है। विभाग के अनुसार बजट उपलब्ध होते ही गड्ढों को भरने और सुधार कार्य किया जाएगा। फिलहाल शहरवासियों को उम्मीद हैं कि आगामी सप्ताहों में सडक मरम्मत शुरू होने से राहत मिलेगी। सीएमओं खिरोद्र भोई ने बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में बीटी सड़क निर्माण शुरू किया जाएगा। साथ ही बारिश के कारण सडकों में हुए गड्ढों को भी प्राथमिकता से भरवाया जाएगा।

### दुर्घटना का बढ़ा खतरा

लोगों का कहना है कि इन सडकों पर वाहन चलाना चुनौती भरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए जोखिम बढ गया है। पीडब्ल्यूडी की सड़कों का भी बुरा हाल है। ओवरब्रिज से अछोली, कलकसा और खैरागढ जाने वाला मार्ग जगह-जगह टूट चुका है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण इस सडक पर दो से तीन फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। लोगों के अनुसार इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन मरम्मत शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढते जा रही है।

## संविधान दिवस पर बाइक रैली आज

**राजनांदगांव।** हर साल की तरह इस बार भी संविधान दिवस का उत्सव मनाने के लिए कल 26 नवंबर को संविधान दिवस पर बाइक रैली निकाली जाएगी। बाइक रैली के माध्यम से शहर भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान डीजे के साथ समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक महिला-पुरूष रैली में बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस संबंध में बौद्ध समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने जानकारी दी कि बाइक रैली समय सुबह 09 बजे से कलेक्टेर परिसर स्थिति डॉ. आम्बेडकर उद्यान में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा का नमन कर यहां संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा।

इसके पश्चात यहां से आंबेडकर चौक में एकत्रित होकर रैली प्रारंभ होगी, जो नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों में संविधान के प्रति जागरूकता रैली निकलेगी। इसके तहत आंबेडकर चौक से रैली का रूट इस प्रकार रहेगा। रैली प्रारंभ होकर ममता नगर से बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, शंकरपुर, शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर, लखोली, गंज चौक, भरकापारा, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, गुड़ाखू लाइन, भगत सिंह चौक, इमाम चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, इंदिरा नगर, बसंतपुर से आंबेडकर चौक होते हुए सिविल लाइन स्थित डॉ. आंबेडकर भवन में पहुंचेगी। इस दौरान यहां डॉ. आंबेडकर के जीवन संघर्ष पर संगोष्ठी की जाएगी। शाम को विभिन्न मोहल्लों से डॉ. आंबेडकर पर आधारित झांकी निकाली जाएगी। इसके अलावा शहर के समस्त बौद्ध विहार में डॉ. आंबेडकर पर आधारित आयोजन होंगे।

## सार समाचार

### बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**साल्हेवारा।** जीवन दीप समिति की बैठक में अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जीवन दीप समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश वर्मा ने अस्पताल की आवश्यकताओं को विस्तार से रखा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने जनप्रतिनिधियों के समक्ष कई सुझाव रखे गए। डॉ वर्मा ने स्टॉप की कमी से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, जनपद सभापति मन्नू मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, ललित सोनी, महेंद्र यादव, संतोष ठाकुर, पवार मेरावी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम आदि शामिल हुए।



### दिवाली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा का दिवाली मिलन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव अर्चना सिंह परिहार, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह एवं समस्त वीरांगना टीम ने शामिल होकर आनंद लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सिंह के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में आगामी रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस मौके पर कनकलता सिंह, अनामिका गौतम, सुधा पवार, रेखा सिंह, रीनासिंह, रवि चौहान, शशि भदौरिया, संजू सिंह, नीमा राजावत, स्वाति चौहान, डिम्पल भदौरिया, रश्मि भारद्वाज, प्रिया सिंह, आभा चौहान, निशा सेंगर, निशा सिंह, रेणुसिंह, छाया ठाकुर, माधुरी ठाकुर, शशि चौहान, रीना सिंह, वैशाली सिंह, नेहा सिंह, अचला ठाकुर, डा सूर्या सिंह, प्रियंका सिंह सहित अन्य शामिल हुए।



### शिशु मंदिर के छात्रों ने किया मशरूम उत्पादन

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के अध्यनरत भैया - बहिनों ने संकाय प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में मशरूम उत्पादन किया है। विद्यालय परिसर में भैया बहनों द्वारा रबी मौसम की प्रमुख सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। आचार्य अनमोल पगारे ने बताया कि सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन की गतिविधियों से छात्र प्रायोगिक तौर पर विशेष ज्ञान अर्जन कर रहे हैं। विभिन्न फसलों की उत्पादन गतिविधियों में भावेश, दीपांशु, दुर्गेश, दिव्यांश, गौरव, नमन, महावीर, प्रीतम, साकेत, रोहित, रोहन, जितेन्द्र, शुभम, अमन, निशा, इंदु, प्राची, हेमलता, दीपा शामिल थे।



### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**मोहला।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा आगामी 7 दिसंबर को आयोजित की गई है। परीक्षा का समय पूर्वाहन 12 से 2:15 बजे तक निर्धारित है। परीक्षार्थियों को कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना आवश्यक होगा। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने होंगे। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरा चॉकलेट रंग पहनना प्रतिबंधित रहेगा।

### नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्रियों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग ने अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कृत अर्थशास्त्रियों के योगदान पर समूहिक परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आरआर कोचे ने परिचर्चा के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने नोबेल पुरस्कार प्रदान करने के कारणों को बताया। परिचर्चा में भाग लेते हुए छात्रा करीना डोंगरे ने बताया कि इस वर्ष अर्थशास्त्र के लिए नोबेल जोएल मोकिर, पीटर हॉविट तथा फिलिप एगियन को आर्थिक विकास के नवप्रवर्तन की प्रेरणा की शोध पर सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार सागर साहू ने अर्थशास्त्रियों के उल्लेखनीय योगदान का उल्लेख किया। इस दौरान तेजेस्वरी, योगेश्वरी पटेल, विकास साहू तथा भूपेन्द्र कुमार साहू ने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत कर नोबेल पुरस्कार के इतिहास एवं महत्व को रेखांकित किया। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. कोचे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



### श्याम खाटू तक पदयात्रा



**चिचोला।** पीयूष त्रिपाठी छपरा बिहार होते हुए अकेला खाटू श्याम जाने निकले हैं। वह पदयात्रा करते हुए खाटू श्याम जा रहे। यहां पहुंचने पर हेमन्त सिन्हा, श्याम समिति ने स्वागत के बाद विदाई दिया।

### किसानों के लिए हेल्प डेस्क, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

**छुईखदान।** एग्रीस्टेक से जुडी समस्या के त्वरित निदान के लिए तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। छुईखदान तहसील क्षेत्र के लिए तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, राजस्व निरीक्षक योगेश धनगुन, वृशाली नायडू, अनुज पांडे, मोतीलाल साहू, अवंत कुमार, गंडई तहसील क्षेत्र में तहसीलदार नेहा ध्रुव, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र ठाकुर, रेवती वट्टी, ओमप्रकाश पटेल, तीरथ साहू, साल्हेवारा तहसील क्षेत्र हेतु प्रभारी तहसीलदार मोहन लाल झारिया, राजस्व निरीक्षक सुलेश वर्मा, राधेश्याम यादव, जेएस मेरावी, डीके धुर्वे को किसान समस्या सबंधी आवेदन दे सकते है। गठित हेल्प डेस्क के सभी अधिकारी- कर्मचारी 25 नवंबर से कार्य समाप्ति तक निर्धारित तहसील कार्यालय में प्रातः 10 बजे से उपस्थिति देंगे। किसान कृषि विभाग के एसडीओ श्री डहरिया, खाद्य विभाग के दीपक कुमार धनकर, डालेश्वरी देवहरि से भी संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने किया बीएलओ को सम्मानित

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र की सभी पंचायतों में एसआईआर की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। सभी पंचायत के बीएलओ गणना पत्रक की जानकारी आनलाईन दर्ज करने जुटे हैं। ग्राम पंचायत ठंड़ार में शत प्रतिशत एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बीएलओ लोकेश जंघेल एवं संतोषी पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### रास्ता बंद कर निर्माण करने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** कालका पारा वार्ड 9 की कालोनी के लगभग 30 साल पुराने रास्ते को बंद कर शासकीय भूमि पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। मुख्य मार्ग को घेरने और बंद करने के बाद वार्ड वासियों ने शिकायत अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव से की है। शिकायत के 4 दिन बीतने के बाद भी विभागीय कार्यवाही नहीं हुई है वहीं कब्जाधारी ने निर्माण शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति ने यह जगह घेरा है वह काफी प्रभावशाली है जिसके कारण अधिकारी मौका मुआयना तक नहीं कर रहे है। इधर इस मामले में कब्जा धारी व्यक्ति ने बताया कि उक्त जगह उनके स्वामित्व की है। उन्होंने 1993 में खरीदा था। न्यायलय से 2018 उनके पक्ष में फैसला भी आ चुका है।



### सर्व धर्म सम्मेलन में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर आयोजित सर्व धर्म सम्मेलन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने धार्मिक नेताओं के साथ गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि इतिहास में शायद ही कोई ऐसी मिसाल मिलती हो जब किसी ने दूसरों के धर्म को बचाने के लिए शहादत दी हो। गुरु साहिब ने धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए महान बलिदान दिया। इस दौरान विधायक हर्षिता बघेल, धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, राजा भाटिया, शिशुपाल भारती, भगवती वर्मा आदि उपस्थित थे।



### महिला बाल विभाग ने छात्रों को किया जागरूक

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक वृंदा हनुवंत आदि ने शामिल होकर छात्रों को बाल संरक्षण, पूरक पोषण आहार, मातृ वंदन, बाल विवाह, मुक्त छग अभियान, मिशन वात्सल्य, नोनी सुरक्षा योजना आदि की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिस्पर्धा रखा गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों ने निबंध, रंगोली, पोस्टर, नाटक, नृत्य आदि में शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, सरिता शर्मा, दीपाली जंघेल, शोभना बोपचे, पारसमणी सिन्हा तालेश्वर, मीनाक्षी आदि शामिल हुए।



### संत गुरू घासीदास जयंती पर होंगे कई आयोजन

**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि गुरू घासीदास की जयंती को लेकर सतनामी समाज में उत्साह चरम पर है। जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 5041 राजनांदगांव के बैनर तले समाज के विभिन्न संगठनों, समितियों एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक गुरू घासीदास सांस्कृतिक भवन सतनाम भवन में आयोजित की गई। बैठक में जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप देने पर व्यापक चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहेर, उपाध्यक्ष कमलेश्वर सान्डे, प्रतिमा बंजारे, महामंत्री कमल लहरे, कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे और सचिव ऋषि खरे ने बताया कि सतनामी समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मंडल, अधिकारी-कर्मचारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को सफल बनाने सुझाव आमंत्रित किए गए।

### धानस्वी और पायल स्पर्धा में विजेता

**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में 24 नवम्बर को क्रेडा के सहयोग से स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन एवं पेंटिंग की थीम ऊर्जा संरक्षण व दैनिक जीवन में हरित ऊर्जा का महत्व थी। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ एके धमगाय एवं विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक डॉ चेतन साहू एवं क्रेडा के पदाधिकारी थे। स्पर्धा के बाद अतिथियों ने पेंटिग एवं स्लोगन के आधार पर ऊर्जा संबंधित प्रश्न किया, जिसका छात्रों ने जवाब दिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम धानस्वी साहू , द्वितीय हर्षा साव, तृतीया गामिनी साहू रही। इसी प्रकार पेंटिग में प्रथम पायल कोठरी , द्वितीय गीतांजली एवं तृतीय स्थान पर लुंबनी मेश्राम रही। इस मौके पर अतिथि व्याख्याता काजल राजपूत, सारिका टंडन, नारायण दास साहू आदि मौजूद थे।



### आमाटोला से सिंघाभेंड़ी की सड़कें होंगी दुरूस्त

**मोहला।** नागरिकों के सुगम यातायात एवं आवागमन सुविधा मुहैया कराने के लिए जर्जर सड़कों की मरम्मत किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 83.81 किलोमीटर लंबाई की खराब सड़कों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें आमाटोला से सिंघाभेंड़ी तथा सिंघाभेंड़ी से कहाड़कसा मार्ग को लोक निर्माण विभाग उपसंभाग अंबागढ़ चौकी अंतर्गत बीटी पैच मरम्मत कार्य हेतु प्रस्तावित किया गया है। विभाग द्वारा इन कार्यों को अति शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में मानसिक स्वास्थ्य एवं नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। कार्यशाला में कल्पना बम्बोडे, मनीषा राणा ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। तनाव से बचाव व लक्षणों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैसे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रख सकती हैं। इसके अलावा ऋतुमति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने भोजन में विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन की संतुलित मात्रा के साथ एलबेंडाजोल व फोलिक एसिड दवा के बारे में बताया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।



### मितानिनों का सम्मान



**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बुद्धु रदा में गत दिनों मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच चांदनी साहू ने मितानिनों के योगदान को देखते हुए उनका सम्मान किया। इस दौरान एमटी मोहिनी साहू, शीला बोरकर, मितानिन केकती साहू, कविता रंगारी, हेमकुंवर देवांगन, उर्मिला लहरे, रुक्मणि मानिकपुरी का सम्मान किया गया। इस मौके पर गीता, भगवंतीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### आयश सिंह बोनी बने दुर्ग संभाग के सह प्रभारी



**खैरागढ़।** विशेष गहन पुनरीक्षण काम मे गति लाने भाजयुमो जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी को दुर्ग संभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने प्रदेश के पांच संभागो रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग मे संभाग प्रभारियो के साथ दो दो सह प्रभारियों की नियुक्ति की है जो प्रशासन द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण काम में भाजयुमो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर मतदाताओं का सहयोग करेंगे। इसी कड़ी में भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी को सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। श्री सिंह दुर्ग संभाग प्रभारी आकाश सिंह ठाकुर, सह प्रभारी मोनू बहादुर सिंह के साथ मिलकर दुर्ग संभाग में एसआईआर के कार्य में भाजयुमो की भूमिका तय करेंगे।

### नशामुक्त भारत व कौमी एकता की शपथ




**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 19 नवंबर को रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मागदर्शन में विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत के अभियान पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में व कौमी एकता दिवस पर शपथ दिलाया। प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में करीब 01 अरब 30 करोड़ लोग धुम्रपान व तम्बाकू का सेवन करते हैं। इसमें से 80 लाख लोग प्रतिवर्ष तम्बाकू के सेवन से मर जाते है। दिनों-दिन बीड़ी व सिगरेट का प्रचलन बढ़ते ही जा रहा है। यह मुख की केंसर को आमंत्रण देता है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि नशा हम नहीं खाते, नशा हमें खा जाती है। युवा वर्ग पहले फैंशन के रूप में लेती है, बाद में यह आदत बन जाती है। इसमें मौजूद निकोटिन तलब जगाता है, तम्बाकू आज ही छोड़े, स्वयं व समाज को स्वस्थ्य रखें। प्राध्यापक डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के कृतित्व व व्यक्तित्व को बताया। गुणवंता दास खरे ने मतदाता जागरूकता पर जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में फन फेयर का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग द्वारा भव्य फन फेयर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पूरे परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमिता, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता की प्रभावी झलक देखने को मिली। विभिन्न थीम आधारित स्टॉल, खेल गतिविधियां, फूड कॉर्नर, आर्ट-क्राफ्ट प्रदर्शन, नवाचार मॉडल तथा प्रायोगिक अधिगम आधारित परियोजनाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और शैक्षणिक रूप प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी करते अपने प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सराहना करते प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "फन फेयर छात्रों में नवाचार, आत्मविश्वास और वास्तविक प्रबंधन कौशल को विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार बनाते हैं।" कॉलेज के निदेशकों डॉ. मनीष जैन और संजय अग्रवाल ने कहा कि "कॉन्फ्लुएंस कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधि-आधारित शिक्षा को निरंतर प्रोत्साहित करता है। फन फेयर जैसे आयोजन विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, टीम भावना, समन्वय और व्यावहारिक प्रबंधन दृष्टिकोण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" यह फन फेयर कार्यक्रम छात्रों में उद्यमिता, नेतृत्व, नवाचार, टीम वर्क और व्यवहारिक प्रबंधन कौशल विकसित करने में सफल रहा।

### गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने लिया फैसला

# विधायक यशोदा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधायक यशोदा वर्मा के खिलाफ गंडई ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने पहले निंदा प्रस्ताव पारित किया और उसके बाद उनकी गतिविधि को खेदजनक व पार्टी प्रतिष्ठा के विपरीत बताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन मे जवाब मांगा है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिज्ञेश यादव ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो के माध्यम से उन्हे जानकारी मिली कि विधायक यशोदा वर्मा ने सीएमओ को पत्र प्रेषित कर मार्च 2025 से अब तक के कार्यकाल मे संपादित कार्यों से संबंधित जानकारी की मांग की है जबकि उन्हें यह अच्छे तरीके से पता है कि नपं में निर्वाचित अध्यक्ष श्री शाह कांग्रेस के पुराने कर्मठ सिपाही है। इसी प्रकार उनके प्रतिनिधि चेतन देवांगन द्वारा भी इसी आशय की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई है। ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव ने कहा कि विधायक यशोदा वर्मा और चेतन देवांगन के इस कृत्य को ब्लाक कमेटी ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया है कि दोनों को इस बात की भली भांति जानकारी थी कि नपं मे कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित अध्यक्ष काम कर रहे है। इस स्थिति में दोनों को ही उनसे मिलकर बातचीत कर तथ्यों की जानकारी लेनी थी, लेकिन ऐसा नही करके दोनों ने पत्र लिखकर पार्टी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय बाद दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नही मिलने की स्थिति में विधायक यशोदा वर्मा और चेतन देवांगन के खिलाफ उचित कारवाई के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रकरण प्रेषित किया जाएगा।

#### राजनीतिक इतिहास की पहली घटना

ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी करना विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक इतिहास की पहली घटना है जिसमें संगठन ने अपने ही विधायक के खिलाफ मोर्चा खोलकर यह जताने का प्रयास कर दिया है कि संगठन से इतर कोई नही है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से कांग्रेस नेताओं के बीच पनपा आपसी विवाद अब सड़क पर आ गया है। इसकी शुरूआत मिशन संडे नाम की उस संस्था से हुआ जिसकी बागडोर विधायक ने खुद संभाल ली थी। छुईखदान में पदस्थ प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के इस्तीफे के पीछे मिशन संडे की कारगुजारियों को लेकर सबसे पहले किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवराज किशोर दास विरोध में मुखर हुए। बाद में संगठन ने इसकी खिलाफत की और मिशन संडे का कांग्रेस पार्टी से लेना देना नही बताया तब से विधायक गुट और संगठन के बीच खींचातानी लगातार जारी है। आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है संगठन ने नपा में नेता प्रतिपक्ष को हटाया तो विधायक ने पुराने को ही बरकरार रखने की बात कह दी। जिसने आग मे घी डालने को काम किया और उसके बाद से लगातार जारी विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। संगठन और विधायक के बीच लंबी रेखा खींच गई है और खाई इस कदर गहरी हो गई है कि उसे पाटने मे काफी लंबा समय लग सकता है। संगठन नेताओं को कहना है कि विधायक का विवादित व्यक्तित्व उनके राजनैतिक भविष्य की दशा दिशा तय करने वाला है इस बात को उन्हे समझना चाहिए।

## मुरुमीकरण मामले की जांच शुरू सीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




ग्राम पंचायत मक्काटोला में कराए गए मुरुमीकरण कार्य को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद उसका असर दिखने लगा है। जनपद सीईओ भगवती साहू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत मक्काटोला की सरपंच संध्या प्रमोद वर्मा, तत्कालीन पंचायत सचिव हीरेंद्र निषाद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जनपद सीईओ ने नोटिस में पूछा है कि विधायक निधि से स्वीकृत कार्य को बिना अनुमति अन्य स्थान पर क्यों कराया गया? कार्य प्रारंभ होने के बाद स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव कैसे पारित किया गया? अग्रिम राशि आहरित करने और फर्जी बिल पास कराने के प्रयास पर क्या स्पष्टीकरण है? आरईएस के इंजीनियर केपी पवार को गलत मूल्यांकन कराने का दबाव क्यों बनाया गया? सीईओ ने स्पष्ट किया है कि जब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तब तक न बिल पास होगा और न काम का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### दबाव में सचिव का तबादला

जानकारी के अनुसार मुरमीकरण विवाद के बाद पंचायत सचिव हीरेंद्र निषाद का तबादला कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी बिल पास करने से इंकार करने पर उनका तबादला दबाव में कराया गया है। नोटिस जारी होने के बाद स्पष्ट है कि मामला अब जांच के दायरे में आ गया है। जानकारों का कहना है कि सरपंच और सचिव का जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो भुगतान रोककर उच्च स्तरीय जांच हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## एग्रीटेक पोर्टल की गड़बड़ी से किसानों में रोष, तहसील कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- किसानों का एग्रीटेक पोर्टल में गड़बड़ी का आरोप

ब्लाक के सोनपुरी और आश्रित ग्राम दुल्लापुर सहित आसपास के गॉवों के किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि एग्रीटेक पोर्टल में भूमि रकबे की लगातार गड़बड़ी हो रही है, जिसके कारण उनके नाम से दर्ज भूमि में विवरण गलत दिखाई दे रहा हैं।

धान बेचने के समय पर यह गड़बड़ी सामने आने से वे बहुत ज्यादा परेशान हैं और मेहनत बेकार जाने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गिरदावरी और दस्तावेज़ों की जांच में अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थिति और बिगड़ी और अब इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। आवेश और गुस्से में आए किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। उनका कहना था कि प्रशासन ने वर्षों से उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया और अब पोर्टल की गड़बड़ी उनकी फसल बिक्री को संकट में डाल रही है। तहसीलदार आशीष देवहारी ने किसानों की बातें सुनी और आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा, लेकिन किसानों का आरोप है कि यह सिर्फ आश्वासन तक सीमित रहता है, जबकि वास्तविक सुधार अभी तक नहीं हुआ। किसानों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप और एग्रीटेक पोर्टल की सभी त्रुटियों को तुरंत सुधारने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

## शिक्षकों से कुत्तों की निगरानी कराना हास्यास्पद

- आम आदमी पार्टी ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सरकारी स्कूलों के प्राचार्य और हेड मास्टरों की ड्यूटी आवारा कुत्तों की निगरानी में लगाने को आम आदमी पार्टी ने गंभीर विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के राज मे शिक्षक बच्चों को पढ़ाना छोड़कर कुत्तों की निगरानी करेंगे।

उक्त आदेश को हास्यास्पद और चिंतनीय बताते हुए जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि इससे जाहिर होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी है और वह प्रदेश के बच्चों को अशिक्षित बनाना चाहती है। आदेश से प्राचार्य और हेड मास्टरों में नाराजगी है उनका कहना है कि पहले से ही एसआईआर में ड्यूटी लगी है, उसके अलावा अन्य काम हैं अगले माह स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा होने वाली है उसके बावजूद कुत्तों की निगरानी में ड्यूटी लगाना गलत है। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने डीईओ लालजी द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को चेतावनी देती है कि यदि सरकार 1 सप्ताह में इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो हर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू, संतोष यादव, नीलेश सोनी, भुवन वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लाइनों के निकट ना करें धान मिजाई का कार्य : शिरीष सेलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा उच्चदाब एवं निम्नदाब विद्युत लाइनों में आ रही व्यवधान को दृष्टिगत रखते राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के समस्त कृषक उपभोक्ताओं से विद्युत लाइनों के निकट धान मिसाई के कार्य को नहीं करने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि किसानों द्वारा अपने धान के फसलों की कटाई कर मिसाई के कार्य को कराया जा रहा है। इस दौरान गांवों, खेत-खलिहानों में विद्यमान उच्चदाब एवं निम्नदाब विद्युत लाइनों के नीचे धान फसल की मिसाई का कार्य थ्रेसर मशीन के माध्यम से कर रहे हैं। धान मिसाई से उड़ने वाला पैरा/भूसा विद्युत लाइनों में चिपककर रात में ओस आने के कारण नमी से लाइनों में फेस-टू-फेस संपर्क होने से विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। जिससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा किसानों से जागरूकता एवं सतर्कता बरतते विद्युत व्यवधान एवं विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत खंबों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट धान मिसाई के कार्य को नहीं करने की समझाईश दी गई है।

#### गांव में मुनादी कराने की अपील

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी, छुरिया, खुज्जी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, सहसपुर लोहारा, बोड़ला, पंडरिया एवं कवर्धा के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत खलिहानों से गुजरे हुए 33 केव्ही लाइनों, 11 केव्ही लाइनों एवं एलटी लाइनों के नीचे या आसपास किसानों द्वारा थ्रेसर मशीन से धान मिसाई कार्य से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए मैदानी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को इस संदर्भ में मुनादी कराने हेतु अपील की गई है, ताकि विद्युत लाइनों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों में धान मिसाई से उड़ने वाला पैरा/भूसा ना चिपके और ना कोई विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो।

## कॉलेज में एसआईआर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 19 नवंबर को भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में हुई। प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। विद्यार्थीगण अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम 2003 के मतदाता सूची के आधार पर सही करवाए और मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध बनाने में सहयोग करें।

स्वीप नोडल अधिकारी श्री खरे ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिन मतदाताओं का नाम 1 जनवरी 2003 के बाद मतदाता सूची में पहली बार जुड़ा है, उन्हें अपने किसी रक्त संबंधी माता, पिता, पति, दादा-दादी आदि का नाम 2003 की मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। 01 जनवरी 2003 को आधार वर्ष मानते मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध किया जा रहा है। इसके लिए 2003 की मतदाता सूची का ऑनलाइन प्रमाण या संबंध सिद्ध करने वाला दस्तावेज संलग्न करना होगा।

#### बीएलओ से कर सकते हैं संपर्क

विद्यार्थियों को बताया गया कि वेबसाइट से नाम या ईपिक नंबर से 2003 की मतदाता सूची में आसानी से नाम खोजा जा सकता है तथा पीडीएफ डाउनलोड किया जा सकता है। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यदि 2003 की सूची में परिवार का कोई नाम नहीं मिल रहा है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से संपर्क करें और मतदाता सूची में सुधार संबंधी कार्य करें। इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एसआर कन्नोजे, डॉ. फुलसो राजेश पटेल, अनिल चंद्रवंशी व 100 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## भारतीय जीवन मूल्य नैतिक सुशासन का आधार है



**राजनांदगांव।** वर्ल्ड फिलासफी-डे के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन मूल्य विषय पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग में आयोजित अतिथि व्याख्यान पर डॉ. दिव्या देशपांडे ने कहा कि भारत शब्द में भा शब्द का अर्थ ही प्रकाशमान होता है, इसलिए इस धरती पर सबसे प्रकाशमान राष्ट्र भारत ही है और छह हजार वर्षों से भारतीय जीवन मूल्यों की परंपरा सतत चली आ रही है। यह आज भी प्रासंगिक और कालातीत है।

उन्होंने बताया कि यजुर्वेद के 34वें अध्याय के मंत्र शिव संकल्प सूक्त में जब ऋषि कहता है कि मेरा मन शुभ संकल्प से युक्त हो तो यह विचार पूरे पृथ्वी के नैतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे ही सकारात्मक एवं कल्याणकारी विचारों से भारतीय ज्ञान परंपरा समृद्ध है, जब तक इस प्रकार के सार्वभौमिक भारतीय जीवन मूल्यों से विश्व दिशा-निर्देश लेता रहेगा, तब तक धरती पर नैतिक सुशासन स्थापित रहेगा।

डॉ. देशपांडे ने विद्यार्थियों को भारतीय जीवनचर्या, संस्कार, वर्णाश्रम, आश्रम व्यवस्था, पुरुषार्थ, कर्मफल और पुनर्जन्म जैसे सिद्धांतों को सरलता से समझाते रामायण और महाभारत के अनेक दृष्टांत दिए और बताया कि भारतीय संस्कृति ही प्रकृति संरक्षक और मानवीय धर्म पर आधारित है, इसीलिए श्रीराम ने वनवासियों को संगठित किया और प्रकृति विरोधी और अधार्मिक अनार्यों को खत्म किया तथा अयोध्या में नैतिक सुशासन की स्थापना की। इस अवसर पर डॉ. हरनाम सिंह अलरेजा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर, प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो. डीके वर्मा, प्रो. श्रद्धादेवी, स्कूल शिक्षिका नीलम समेत विद्यार्थियों ने सहभागिता दी।

### फुटबाल स्पर्धा में साइंस कॉलेज चैम्पियन

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में राजनांदगांव परिक्षेत्र की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम मैच में शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की टीम ने सीआईडी महाविद्यालय राजनांदगांव को शानदार खेल दिखाते 2–0 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में भी टीम का दमदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां शिवनाथ महाविद्यालय ने डोंगरगांव महाविद्यालय को 2–1 से पराजित किया। फाइनल मैच डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम के साथ खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2–2 की बराबरी पर रही।

### पीएम के संदेश का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण

# 5 वर्ष पूर्ण होने पर नशामुक्ति शपथ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में नशामुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग एवं समता जनकल्याण समिति द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में नशामुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। महापौर यादव ने कार्यक्रम की महत्ता के संबंध में जानकारी देते कहा कि हम सभी को मिलकर बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों को नशे की लत से बचाने की नितांत आवश्यकता है। हमें अपने घर, परिवार और समाज में व्याप्त नशे की बुराई के विरूद्ध व्यापक तौर पर अभियान चलाने सभी की सहभागिता आवश्यक है। नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर इस बुराई को जड़ से खत्म कर आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छे भविष्य का निर्माण करना है। इस अवसर पर पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव, प्रभारी प्राचार्य भूपेश साहू, शिशुपाल खोब्रागढ़े, तिहार सिंह ध्रुव, रामप्रसाद यादव, महेन्द्र यादव, आयशा खान एवं शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### बच्चों ने दी शानदार गीत की प्रस्तुति

उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को गायत्री परिवार के हरीश गांधी एवं अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के अभ्युदय ग्रुप के छात्र-छात्रओं द्वारा नशामुक्ति पर आधारित संदेश नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी गई। अभिलाषा संस्था के दृष्टिबाधित शिक्षक बीरेन्द्र गंधर्व द्वारा मार्मिक स्वरचित नशा नाश के जड़ पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी गई। आस्था मूक बधिर संस्था के बच्चों द्वारा नशा उन्मूलन पर आधारित संदेश नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने किया।

## आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे किसान : साहू

**राजनांदगांव।** जिले में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से धान खरीदी होने पर जिले के किसानों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसान अपने उपज लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। धान खरीदी केन्द्र रेंगाकठेरा धान विक्रय करने खपरीकला के किसान दुलेश्वर साहू पहुंचे थे। किसान दुलेश्वर साहू ने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती इंदूवती के नाम पर 4 एकड़ खेती जमीन है। धान विक्रय के लिए 217 कट्टा धान लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राज्य शासन द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी से एक बड़ी राशि मिली थी। जिसका उपयोग वे खेती-किसानी और घरेलू खर्च में किया था। पिछले वर्ष वे चना, गेंहू और मसूर की खेती किए थे। जिसका उत्पादन अच्छा हुआ। किसान दुलेश्वर साहू ने कहा कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र रेंगाकठेरा में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। खरीदी केन्द्र में हमालों एवं बारदाना उपलब्धता और इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र में बारदाना की तौलाई की गई है, जो बहुत ही सुविधाजनक है।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# अवैध धान खरीदी की निगरानी, कोचियों और बिचौलियों पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्धारित मापदण्डों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं, इसमें और प्रगति लाने की जरूरत है। सभी विभाग निर्धारित समय पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में डाटा एन्ट्री करें। उन्होंने पोर्टल अंतर्गत विभिन्न मापदण्डों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अपार आईडी निर्माण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत हो गया है।

कलेक्टर ने मनरेगा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, अवैध शराब पर कार्रवाई सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि किसानों को फसल चक्र परिवर्तन करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने जीएसटी के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर पालिक निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




#### योजनाओं की समीक्षा

उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करते हुए युवाओं को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने अन्य मापदण्डों जिनमें सौर सुजला योजना अंतर्गत सिंचाई पंप, वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खेलो इंडिया, कौशल विकास एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अवैध धान खरीदी की निगरानी करते हुए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करें। अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन पर नजर रखें तथा अवैध धान जब्ती की कार्रवाई करें।

#### ईलाज संबंधी ली जानकारी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गति लाने के निर्देश दिए। जिले में डिजिटाईजेशन का कार्य बेहतर है। कलेक्टर ने कौरिनभाठा में पीलिया संक्रमण के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मरीजों के ईलाज के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समीक्षा के दौरान सभी अविवादित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### बिल शून्य होने पर उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

उन्होंने आधार अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करें। इस योजना से बिजली बिल शून्य होने पर उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। विभिन्न कॉलोनियों में जनसामान्य को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह को ऋण प्रदान करते हुए उन्हें आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए कार्य करें।

# भगवान राम-जानकी की बारात शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मिथिलाधाम गणेश मंदिर द्वारा अपनी वर्षों की परंपरा अनुसार विवाह पंचमी के अवसर पर यहां भगवान राम-जानकी का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान शहर में भगवान राम की बारात शोभायात्रा निकाली गई।

शहर के मिथिलाधाम गणेश मंदिर स्थित राम-जानकी मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान राम-जानकी का विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर में भगवान राम की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान बाजे-गाजे और राम भजनों के साथ श्रद्धालु जमकर झूमे। इस शोभायात्रा में रथ पर भगवान राम-जानकी की प्रतिकात्मक झांकी भी बनाई गई थी।

#### त्रेता युग में हुआ था विवाह

आयोजन को लेकर मिथिलाधाम गणेश मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि अघ्घन शुक्ल पंचमी, जिसे विवाह पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन त्रेता युग में भगवान राम-जानकी का विवाह हुआ था। इस दिन पर प्रतिवर्ष मिथिलाधाम गणेश मंदिर समिति द्वारा भगवान राम-जानकी का विवाह रचाया जाता है। इस दौरान बारात शोभायात्रा भी निकाली जाती है।

#### विवाह समारोह हुआ संपन्न

शहर में निकली बारात शोभायात्रा के पश्चात गणेश मंदिर परिसर में भगवान राम-जानकी का विवाह समारोह आयोजित किया गया और यहां विधि-विधान से कन्यादान हुआ और विवाह संपन्न कराया गया।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में फैली अव्यवस्था को लेकर कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों को जान बूझकर परेशानी में डाल रही है।

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे, तब पूरे पांच साल किसानों और पशुपालकों के लिए स्वर्ण युग जैसा था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदने का बिल्कुल भी मन नहीं है। वह किसानों को तरह-तरह से परेशानी में डालते औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने कहा कि जिले सहित प्रदेशभर के सोसाइटियों के धान उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों, चौकीदारों आदि भाजपा सरकार से पहले ही नाराज थे। सरकार ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना छोड़ दबाव और दमन की राजनीति अपनाई। गुस्साए कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। सोसाइटियों व उनके धान उपार्जन केंद्रों में हमाल तौलैया भी शासन से खफा है।

#### धान खरीदी की गति धीमी

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के एक दिन पहले विभागों के कर्मचारियों को धान खरीदी का प्रशिक्षण दिया गया। धान खरीदी व्यवस्था उनसे संभल नहीं पा रही है। पुराने और अनुभवी कर्मचारियों जैसे समर्पित होकर व्यवस्था संभाल पाने में उन्हें समय लगेगा। धान बेचने किसानों का ठीक तरह से न टोकन कट पा रहा है और न खरीदी गति पकड़ पा रही है। वहीं किसानों को जबर्दस्ती हमालों से बोरा पल्टी करवाई जा रही है। उसका पैसा भी अधिक देना पड़ रहा है।

# अवैध रूप से परिवहन करते 390 बोरी धान पकड़ाया



**मोहला।** महाराष्ट्र के कटिनगर गोंदिया से ट्रक में धान धमतरी ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 390 बोरी धान जब्त किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मेरावी के कुशल नेतृत्व में सुघ्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत अपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिसके तहत अवैध धान परिवहन करते ट्रक क्रमांक एम-29-एएन-3786 जिसमें 390 कट्टा धान वजनी 259.20 क्विंटल को कटिनगर गोंदिया (महाराष्ट्र) से धमतरी ले जाते चिल्हाटी पुलिस द्वारा पकड़कर जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु खाद्य विभाग को सौंपा गया।

# चौक-चौराहों में सुधरेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चौक-चौराहों में यातायात व्यवस्था सुदृढ होगी। जिसके लिए पुलिस अधिकारी सहित यातायात टीम ने शहर व चौक-चौराहों का भ्रमण कर जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्य, उपनिरीक्षक अनिल तिवारी एवं यातायात टीम द्वारा शहर के महावीर चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर, आजाद चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाइन, गंज चौक, तिरंगा चौक में भ्रमण कर बढ़ते यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया।

**समय-सीमा में करें लोडिंग-अनलोडिंग-** व्यापारियों को समय-सीमा में माल लोडिंग-अनलोडिंग कराने, वाहनों को निर्धारित स्थल में पार्किंग करने एवं दुकानदारों को अपना दुकान का सामान बाहर न निकालने समझाईश दिया गया। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयेग करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके।



# बीज निगम में घुन लगे चने का उपयोग बैकडेट में हो रही थी बीजों की पैकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रमाणित बीज के नाम पर बीज निगम के स्थानीय कार्यलय में घुन लगे हुए चने की पैकेजिंक का मामला सामने आया है। यहां कीड़ों से भरे घुने चनों को छानकर किसानों को भेजने बोरों में पैक किया जा रहा था।

बीज निगम से प्रमाणित बीज लेने के बाद भी कई बार फसल नहीं होने के मामले सामने आए हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। प्रमाणित बीच की जगह घटिया क्वालिटी के बीज की सप्लाई के पहले भी मामले सामने आ चुके हैं। वहीं बीते कुछ दिनों से स्थानीय बीज निगम में चने के बीज पैकेजिंग में घुन लगे और खराब हो रहे चने का उपयोग करने की शिकायत मिल रही थी। यहां पैकेजिंग किए जा रहे बोरों में भी चने के आधे दाने और बीज में छेद पाया गया। यहां बीज के लिए ऐसे चने का उपयोग किया जा रहा था, जो घुन की वजह से बुरादा हो गया था। इन चनों को मशीन में डालकर अलग-अलग करके छाना जा रहा था और इसके बाद इसकी पैकिंग की जा रही थी।



#### बनाई जाएगी जांच कमेटी

टीएल बैठक में मामले की जानकारी ली जाएगी। जिला स्तरीय जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। - **जितेंद्र यादव,** कलेक्टर

#### बीज परीक्षण की तारीख

बीज निगम के स्थानीय कार्यालय में 11 अगस्त 2025 की डेट पर आज चने के बीज पैकेजिंग हो रही थी, जिस पर 11-8-25 और विधि मान्य तारीख 10-5-2026 लिखी गई थी। वहीं इसके अंकुरण के लिए 85 दिन और वजन 30 किलो अंकित किया गया। वहीं बीज परीक्षण की तारीख 21 अगस्त 2025 लिखी गई थी।

#### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

इस मामले को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि किसान बीज खराब आने की सूचना दे रहे थे। यहां आकर देखा गया तो घुन और कीड़े लगे हुए चने को छानकर बैकडेट में पैकेजिंग किया जा रहा था। यहां प्रबंधक के निर्देश में फर्जी पैकेजिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर बीज देते हैं तो फसल नहीं होती है। बीज खराब निकलने का यही कारण है। जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है। उन्होंने इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### पेज 11 का शेष

#### दर्जनभर कोचियों के...

3485 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। लगभग एक दर्जन कोचियों पर कार्रवाई करते राजनांदगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत 4, डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 3 और डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत 7 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें 8713 बोरों में 10 करोड़ 80 लाख 35 हजार रुपए कीमत का धान जब्त किया गया है।

#### आधार कार्ड सुधरवाने...

**घंटों लाइन लगने की मजबूरी-** आधार कार्ड सुधरवाने के लिए पोस्ट ऑफिस में सुबह 6 बजे से पहुंचने वाले लोगों को यहां 6-7 घंटे आधार सुधरवाने के लिए खड़े होना पड़ रहा है। पोस्ट ऑफिस के भीतर से आधार सुधरवाने लोगों की लाइन बाहर तक नजर आती है। भीड़ इतनी है कि पोस्ट ऑफिस के भीतर लाइन से खड़े होने जगह नहीं है। यहां आधार सुधरवाने पहुंची सविता साहू का कहना है कि शहर में दो-तीन जगह और आधार सुधारने की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द आधार सुधारा जाएगा, इसलिए वह सुबह से आ गई है, लेकिन धक्का-मुक्की के चलते वह लाइन में पीछे हो गई है।

# टायर-ट्यूब चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टायर-ट्यूब चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे टायर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 नवंबर को प्रार्थी रंजीत सिंह भाटिया 48 वर्ष बल्देवबाग द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका नौकर टिकेश्वर साहू निवासी भांठागांव द्वारा घटना 2 सितंबर से 20 नवंबर के मध्य इसके गुरूद्वारा रोड़ राजनांदगांव स्थित अंकाली साइकिल स्टोर से करीब 150 नग मोटर साइकिल के टायर व ट्यूब, चैन स्पाकेट कीमती करीबन 3,00,000 रुपए को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 306 बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, सहायक उपनिरीक्षक इसराफिल खान, प्रधान आरक्षक मिलन साहू, आरक्षक राजा बारले, श्रीनिवास राव एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



#### 54 टायर सहित अन्य सामान बरामद

आरोपी के कब्जे से मोटर साइकिल के 54 नग टायर, 63 नग ट्यूब, 5 नग चैन स्पाकेट, 20 नग ऑयल डिब्बा कीमती 1,01,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पैशन प्रो जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 25 नवंबर को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

#### तीन वर्ष से कर रहा था काम

पुलिस ने इस मामले में आरोपी टिकेश्वर साहू 32 वर्ष भांठागांव को पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि रंजीत सिंह भाटिया निवासी बल्देवबाग के गुरूद्वारा रोड़ राजनांदगांव स्थित अंकाली साइकिल स्टोर में विगत 3 वर्षों से काम करता है, उसके दुकान से मोटर साइकिल के टायर, ट्यूब, चैन स्पाकेट एवं ऑयल डिब्बा चोरी करना स्वीकार किया।

# मानपुर आईटीबीपी बटालियन को मिली सर्वश्रेष्ठ नक्सल अभियान ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

उधमपुर, जम्मू-कश्मीर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 27वीं बटालियन मानपुर छत्तीसगढ़ को असाधारण अभियान, सफलता और दूरगामी सामुदायिक सेवा उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ नक्सल विरोधी बटालियन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान वार्षिक आईटीबीपी बल स्थापना दिवस के महानिदेशक परेड के दौरान उधमपुर, जम्मू-कश्मीर में प्रदान किया गया। आईटीबीपी के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने यूनिट की उत्कृष्ट परिचालन कौशल और प्रदर्शन की सराहना करते कमांडेंट विवेक कुमार पांडेय और बुद्धि प्रकाश बडाया को यह ट्रॉफी प्रदान की।

#### माओवादियों के खिलाफ निर्णायक प्रहार

केरल में मुख्यालय होने के बावजूद 27वीं आईटीबीपी बटालियन को छत्तीसगढ़ के चुनौतीपूर्ण मोहला-मानपुर क्षेत्र में रणनीतिक रूप से तैनात यह यूनिट गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) और कांकेर सीमाओं के निकट तैनात रही है। यूनिट के वामपंथ उग्रवाद के विरुद्ध प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड को केंद्र सरकार के मार्च 2026 तक नक्सल आतंक को खत्म करने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। बटालियन की परिचालन सफलता का एक मुख्य केंद्र अगस्त 2025 में हुई एक बड़ी मुठभेड़ थी। जिसमें दो वरिष्ठ नक्सल कमांडरों को मार गिराया गया था। जिसमें वरिष्ठ नक्सल कमांडर विजय रेड्डी (राज्य जोनल समिति सदस्य) और लोकेश सलामे राजनांदगांव कांकेर बॉर्डर (आरकेबी) डिवीजन सचिव शामिल थे।

#### सामुदायिक कल्याण : स्वास्थ्य, शिक्षा और भाईचारा

अपनी सुरक्षा भूमिका से परे 27वीं आईटीबीपी बटालियन को सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता के लिए भी सराहा गया है।

#### स्वास्थ्य सेवा

बटालियन ने एक फील्ड अस्पताल और क्षेत्र का पहला पशु चिकित्सा फील्ड अस्पताल स्थापित किया, जिसने लगभग 35 वामपंथी उग्रवाद (एलडब्लयूई) प्रभावित जनजातीय गांवों में 6,000 से अधिक ग्रामीणों और उनके हजारों पालतू पशुओं को आवश्यक चिकित्सीय देखभाल प्रदान की।

#### बटालियन ने क्षेत्र में दिया शांति और विकास का संदेश



#### लगातार बनाए रखा दबाव

छत्तीसगढ़ की शीर्ष केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) इकाइयों में विशिष्ट रूप में पहचानी गई 27वीं बटालियन आईटीबीपी ने क्षेत्र में लगातार दबाव बनाए रखा है। जिसके परिणामस्वरूप उपरोक्त दो बड़े नक्सली कमांडरों के मारे जाने के अलावा कुल नौ अन्य शीर्ष नेताओं (चार डीवीसीएमएस और पांच एसीएमएस) को गिरफ्तार या आत्मसमर्पण करवाया गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर बटालियन की आक्रामक कार्रवाइयों ने कई ओवर-ग्राउंड कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, मुठभेड़ों और अभियानों के माध्यम से नक्सलियों की लॉजिस्टिक आपूर्ति श्रृंखला बाधित करने और पिछले दो वर्षों में कई बड़े नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु बाध्य करवाने में सफलता पाई। यूनिट की प्रभावी तैनाती मानपुर में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो एक ऐसा क्षेत्र है, जहां जुलाई 2009 के कोरकुट्टी-मुठभेड़ में एसपी वीके चौबे और 28 पुलिसकर्मियों ने शहादत दी थी।

#### सांस्कृतिक पहुंच

सामुदायिक भाईचारे के एक विशिष्ट उदाहरण के रूप में यूनिट ने इस साल कुछ सबसे दूरदराज के गांवों में दीपावली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए, जहां जवानों के साथ यह त्योहार पहली बार मनाया गया। बटालियन के प्रयासों को मई 2025 में उच्च स्तरीय प्रशंसा मिली, जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके सीतागांव कंपनी ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया और सुरक्षा और सतत विकास दोनों को बढ़ावा देने में 27वीं बटालियन की सफलता की सार्वजनिक रूप से सराहना की।

#### युवा सशक्तिकरण

यूनिट ने औंधी क्षेत्र के स्थानीय आदिवासी युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक करियर परामर्श कार्यक्रम चलाया। उन्हें एसएससी और छत्तीसगढ़ पुलिस कांस्टेबल जैसे महत्वपूर्ण सरकारी भर्ती परीक्षाओं को पास करने के लिए सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया।



## खबर संक्षेप

### वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर संध्या साहू का चयन, उत्साह का माहौल



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ लोकसेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2024 मे संध्या साहू का चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर हुआ है। वर्तमान मे संध्या साहू महिला बाल विकास विभाग कुण्डा मे पर्यवेक्षक के पद कार्यरत है, जिनके चयनित होने से पर्यावरण संरक्षण समिति कुण्डा द्वारा श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### चुचरुंगपुर में सीसी रोड का अभाव गलियां कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान

**कवर्धा।** चुचरुंगपुर की गलियां कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिले के अंतिम छोर में बसे इस छोटे से गांव में पक्की सड़क का अभाव है। बार-बार शिकवा शिकायत के समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।समस्या से गांव के लोग परेशान हैं। इसी रास्ते से होकर बच्चे स्कूल जाते हैं। इससे दिक्कत होती है। ग्रामवासियों ने जल्द पक्की सड़क बनाने मांग की जा रही।

**खेती-किसानी : क्षेत्र में हार्वेस्टर, रीपर व थ्रेशर मशीनों से धान फसल की कटाई मिंजाई जोरों पर**

# कृषि कार्य में नए-नए चमत्कार व आधुनिक मशीन से खेती-किसानी में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में धान फसल की कटाई व मिंजाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। किसानों के खेतों में परिपक्व होकर धान की फसल अब तैयार पूर्ण हो चुकी है, जिसे ग्रामीण किसान सुबह से शाम तक खेतों में नजर आने लगे हैं। बताया जाता है कि किसान समय से पहले ही धान की बुवाई पूरी कर लेते हैं, इन फसलों की कटाई अब शुरू हो चुकी है वहीं देर से पकाने वाले धान फसल की कटाई व मिंजाई किया जा रहा है।

वहीं कृषि कार्य में नित नए-नए चमत्कार व आधुनिक मशीन से खेती-किसानी में आई बदलाव से क्षेत्र के ग्रामीण किसान आधुनिक मशीन हार्वेस्टर, रीपर व थ्रेशर मशीनों से धान फसल की कटाई-मिंजाई जोरों पर है।

जिस पर ग्रामीण किसान ग्राम दौजरी निवासी अशोक चंद्रवंशी, बीजाझोरी निवासी लाला प्रसाद साहू, नाऊडीह निवासी छवि वर्मा, हरिनछपरा निवासी संतोष कुर्रे, जेवडन खुर्द निवासी महेश चंद्रवंशी व बांझीमहुआ निवासी अंजोर दास बंजारे ने आसपास के तीन-चार गांव से मजदूर के लिए धान काटने के लिए गया, लेकिन मजदूर नहीं मिला इस कारण से अधिकांश ग्रामीण किसान आधुनिक मशीन हार्वेस्टर, रीपर व थ्रेशर मशीन से धान फसल की कटाई व मिंजाई करा रहे है। उन्होंने बताया कि हार्वेस्टर मशीन से खेतों में खड़े हुए धान की फसल को 25 सौ से 3 हजार रूपए एकड़ से धान की फसल की कटाई कर रहे हैं।



### आधुनिक मशीन से किया जा रहा है कटाई-मिंजाई कार्य

ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में दलदल और पानी भरे होने के कारण धान फसल परिपक्व होकर तैयार है ऐसे में ग्रामीण किसान आधुनिक मशीन चैन हार्वेस्टर से धान फसल की कटाई मिंजाई कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें एक एकड़ धान फसल की लागत 3से 4 हजार रूपए तक खर्च आ रहा है। वही दूसरे प्रान्त-प्रदेश से पहुंच रहे हैं हार्वेस्टर से कटाई-मिंजाई एक साथ करने के लिए कंबाइन हार्वेस्टर पंजाब-हरियाणा से पहुंच चुके हैं। जो कि मजदूरों की अपेक्षा कम व सस्ते में होता है। हार्वेस्टर व रीपर तथा थ्रेसर मशीनों से धान की कटाई-मिंजाई करने पर किसानों को समय और पैसे की बचत जरूर होता है। जिसमें ग्राम बरबसपुर, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर, सिंघनपुरी, बीजाझोरी, गांगचुवा, नाऊड़ीह, दौजरी, जेवडन खुर्द, बांझीमहुआ, सारंगपुर खुर्द, जमुनिया, नेवारी व डबराभाट क्षेत्र में ग्रामीण किसानों द्वारा हार्वेस्टर, चैन हार्वेस्टर तथा रीपर-थ्रेशर मशीन से धान फसल की कटाई-मिंजाई जोरों पर है।

### महंगाई बढ़ने के साथ-साथ मजदूरी दर में वृद्धि



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार महंगाई बढ़ने के साथ साथ मजदूरी दर में वृद्धि हुई है। क्षेत्र में मजदूरी दर 200 रूपए है, ऐसे में ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में मजदूर नहीं मिलने से शुरुआत में ग्रामीण किसान अपनी फसल ही कटाई करते हैं, इसके बाद ही दूसरे खेतों में मजदूरी करने जाते हैं। जिसके कारण आने समय में मजदूरी दर में और इजाफा होने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों किसानों ने बताया कि इस बार मौसम का उतार-चढ़ाव व मोंथा तूफान तथा बेमौसम बारिश के कारण परिपक्व हो चुके धान फसल में गहरा प्रभाव पड़ा है, जिनके कारण धान फसल खेतों में गिरकर क्षतिग्रस्त तथा धान कटाई-मिंजाई में दिक्कत आ रही है।

# जंगलपुर में पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में शामिल हुईं : भावना बोहरा



■ विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम जंगलपुर में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के चार संकुल केंद्रों जिसमें ग्राम कुण्डा, पंडरिया, कुई व दुल्लापुर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वहीं इस तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्षता राजेश्वरी महेंद्र घुतलहरे, विशिष्ट अतिथि नंदनी राजकुमार साहू, जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी, शान्ति रामकुमार बंजारे, सरिता रामकुमार सोनी, प्रदीप पुरी गोस्वामी, थानेश्वर जायसवाल, रविशंकर चंद्रवंशी, रानी मिथलेश चंद्रवंशी, ओमप्रकाश यदु, मनहरण साहू, मोहन चंद्रंशी, कपिल चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। वहीं सरपंच हरीश चंद्रवंशी, पंचगण व गणमान्य नागरिकों तथा ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य फूल-माला से स्वागत किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिमा में छात्र-छात्राओं द्वारा कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ सहित अनेक प्रकार विधायों में छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार खेल प्रदर्शन किया।

वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा तीन दिवसीय खेलकूद के समापन समारोह पर शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिस पर विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस समापन समारोह कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जंगलपुर के समस्त ग्रामवासी, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गौ-रक्षा और विश्व कल्याण के लिए श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भूमि पूजन किया गया

■ 23 से 31 दिसंबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहगांव



ग्राम मोहगांव में गौरक्षा, ग्राम सुरक्षा एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना हेतु आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भूमि पूजन मंगलवार को विधि-विधान से किया गया। ग्राम मोहगांव में पहली बार इस स्तर का आध्यात्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, जिसके प्रति ग्रामवासियों में भारी उत्साह का माहौल व तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। इस महायज्ञ का आयोजन 23 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। यह पावन अनुष्ठान मोहगांव के समस्त ब्राम्हण समाज के सहयोग एवं संकल्प से संपन्न होगा। मंगलवार को हुए भूमि पूजन में ग्राम के गौंटिया बलदाऊ चंद्रवंशी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें, उन्होंने महायज्ञ की सफलता के लिए आर्शीवाद एवं शुभकामनाएं दीं। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं सायं कीर्तन, हवन, पूजन तथा विभिन्न विद्वान संत-महात्माओं द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने तथा गौरक्षा एवं लोककल्याण के संदेश को समाज तक पहुंचाने की विशेष तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी कथावाचक पं आनंद उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि यह महायज्ञ समाज को आध्यात्मिक शक्ति, आपसी एकता और धर्म-संस्कृति की मजबूती प्रदान करेगा। ग्रामवासी भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# एलआईसी अभिकर्ता डॉ संतोष कुमार वियतनाम यात्रा के लिए चयनित



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जीवन बीमा निगम की मिशन एक्सीलेंस प्रतियोगिता में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चंचल प्रीमियम कलेक्शन सेंटर कवर्धा के प्रमुख एवं अध्यक्ष क्लब सदस्य डॉ संतोष कुमार साहू ने इस वर्ष भी अपनी शानदार कार्यशैली का परिचय दिया है। प्रतिस्पर्धा के 4थीं लेवल में क्वालिफाई कर उन्होंने जिले के साथ-साथ प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा उन्हें विदेश यात्रा सम्मान हेतु चयनित किया गया है, जिसके अंतर्गत वे 25 से 30 नवम्बर तक वियतनाम के आधिकारिक भ्रमण पर रहेंगे। डॉ श्री साहू ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पॉलिसीधारकों, अभिकर्ताओं, सहयोगी स्टाफ एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि उनकी निरंतर विश्वास, सहयोग और शुभकामनाएं ही हर सफलता की प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने कहा हमारी उपलब्धियां तो सिर्फ कार्य का परिणाम हैं, परंतु पॉलिसीधारकों का विश्वास ही हमारा सबसे बड़ा सम्मान है। भारतीय जीवन बीमा निगम का योगक्षेमं वहाम्यहम सिद्धांत हमारी सेवा भावना का आधार है। उन्होने लंबे समय से जिले में बीमा जागरूकता, वित्तीय सुरक्षा और परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। उन्हें कई बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। समाज में वर्षो से वित्तीय सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने वाले डॉ संतोष कुमार साहू की इस उपलब्धि से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# भूतपूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संघ कोर कमेटी बैठक और जनसंपर्क कार्यक्रम संपन्न

■ विधायक से मिला सकारात्मक आश्वासन-सैनिक कल्याण और संगठन विस्तार को नई दिशा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संत नगरी कवर्धा में गत दिनों 23 नवम्बर को भूतपूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संघ की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम गरिमामय तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा से सौजन्य भेंट के साथ हुई। संघ के पदाधिकारियों ने सैनिक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग रखी। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया और आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही। पश्चात संघ के टेकराम साहू की अध्यक्षता में इंटरनेशनल होटल, कवर्धा में कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, सह सचिव रामगोपाल वटी, मीडिया प्रभारी गणेश्वर पटेल, संरक्षक कल्याण वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शोरी, सलाहकार संतोष कुमार वर्मा सहित राज्य के विभिन्न अंचलों से पहुंचे गजेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, प्यारे लाल ध्रुव, डोमर सिंह, अमर सिंह, नर्मद प्रसाद पोर्ते, श्री तिवारी ने सहभागिता निभाई। बैठक में आगामी वार्षिकोत्सव को भव्य रूप से मनाने की प्रारंभिक रूपरेखा तय की गई। साथ ही सैनिक कल्याणकारी विषयों, संगठन विस्तार, दूरस्थ क्षेत्रों की इकाइयों को सशक्त करने, प्रशासनिक समस्याओं के समाधान हेतु रणनीति तैयार करने तथा जनभागीदारी बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से संघ की गतिविधियों को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम का अगला चरण इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संत कबीर कॉलेज कवर्धा में संपन्न हुआ, जहां संघ ने विद्यार्थियों के साथ वैचारिक एवं शैक्षणिक संवाद आयोजित किया। सलाहकार संतोष कुमार वर्मा ने छात्रों को अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, सुरक्षा बलों में कैरियर अवसर तथा जीवन में दृढ़ संकल्प के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। इस अवसर पर परिषर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं और संघ के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। भूतपूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संघ का यह कार्यक्रम सैनिक सम्मान, जनकल्याण, सामाजिक जागरूकता और युवा प्रेरणा की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा।

**बाल विवाह मुक्त के लिए निरंतर अभियान जारी**

# बाल विवाह मुक्त की पूर्ण रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग गांव-गांव में लोगों को कर रहा जन जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने ग्राम पंचायत नवघटा में जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा गया है, इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महिला बाल विकास विभाग कवर्धा की टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया, इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़के का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। यह जानकारी देने के साथ साथ बाल विवाह मुक्त पंचायत की शपथ दिलाया गया। साथ ही बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क फोन कर सकते हैं।

## किसानों को समय पर भुगतान से बढ़ा आत्मविश्वास

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के खम्ही गांव के छोटे किसान हजारी कश्यप इस बार धान खरीदी शुरू होते ही नई ऊर्जा और खुशी से भर उठे। उनकी कुल 2.50 एकड़ जमीन में से 1.20 एकड़ में धान और बाकी खेत में गन्ने की फसल लहलहा रही थी। जैसे ही 15 नवंबर से जिले में धान खरीदी शुरू हुई, हजारी कश्यप ने सबसे पहले अपना टोकन लिया और अपने धान की बिक्री के लिए तैयार हो गए। धान खरीदी केंद्र पहुंचने पर उन्हें पूरा माहौल सहज और सुव्यवस्थित लगा। केंद्र पर किसानों के बैठने से लेकर पेयजल तक सभी व्यवस्था थी। उन्हें किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं हुई। हजारी कश्यप 24.40 क्विंटल धान लेकर पिपरिया खरीदी केंद्र पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्हें तुरंत बारदाना मिल गया और थोड़ी ही देर में उनके धान की तौल भी पूरी हो गई। पूरी प्रक्रिया इतनी सरल और सुचारू रही कि वे आसानी से अपना धान बेचकर घर वापस चले गए। श्री कश्यप बताते है कि सबसे बड़ी खुशी तो तब मिली, जब उनका धान बेचने का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच गया। यह राशि उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण थी, क्योंकि इस समय उनकी धान कटाई की थ्रेशर मशीन का सीजन चल रहा है। मजदूरों को भुगतान करने और ट्रैक्टर में डीजल डलवाने जैसे काम अब आसानी से हो पा रहे हैं। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा छोटे किसानों का धान पहले खरीदना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। वे बताते है कि मेरा धान जल्दी बिक गया, पैसा भी समय पर मिल गया। अब मैं बिना चिंता अपने बाकी काम कर पा रहा हूँ। सरकार की इस व्यवस्था के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

# एक दिवसीय कवर्धा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, हुआ आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

एक दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कवर्धा पहुंचे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के दौरान वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत के स्थानीय निवास पर पहुंचे, जहां महिला कांग्रेस पदाधिकारियों सहित अनंत परिवार ने उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ब्लॉक एवं नगर संगठन के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थें। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ एवं शॉल से सम्मान किया। इस अवसर पर स्थानीय मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार भी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। अनौपचारिक चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान में जिले में चल रहे एसआईआर मामले सहित अन्य स्थानीय एवं राजनीतिक मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता बनाए रखने और जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस का आयोजन आज

**कवर्धा।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला स्तरीय पर कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 11:00 बजे भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों तथा शासकीय सेवकों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के मूल आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा आश्यक तैयारियां की जा रही है।

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 7 फरवरी को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर, जिला कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। कक्षा 6वीं में अनुसूचित जनजाति की 28, अनुसूचित जाति की 05 तथा अन्य वर्ग की 02 सीटें रिक्त हैं, वहीं कक्षा 9वीं में अनुसूचित जनजाति की 04, अनुसूचित जाति की 01 एवं अन्य वर्ग की 01 सीट रिक्त है। चयन परीक्षा 07 फरवरी 2026, शनिवार को दोपहर 12.00 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में वही छात्राएं पात्र होंगी जिन्होंने सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं अथवा 8वीं की वार्षिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो। विभागीय जानकारी के मुताबिक इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 15 जनवरी 2026 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय में शिक्षा परिसर से प्राप्त किया जा सकता है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 1 करोड़ 98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा विकास कार्यों को लगातार स्वीकृति दिलाकर उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सारी एवं ग्राम चंदैनी में कुल 1 करोड़ 98 लाख 91 हजार रुपए की लागत से सड़क, नाली एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। ग्राम आगमन पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ राउत नाचा एवं डंडा नृत्य से भव्य व आत्मीय स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम सारी में 1 करोड़ 65 लाख 59 हजार रुपये की लागत से खड़ौदा से सारी मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 1.5 किलोमीटर लंबी मार्ग के निर्माण कार्य और ग्राम चंदैनी में ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत 33 लाख 32 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा, जल निकासी की समस्या से निजात के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच सुगम होगी और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा विधानसभा का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सड़क, पुल-पुलिया, नाली, पेयजल, विद्युत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है। मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के हर गांव में प्रगति और समृद्धि की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, रवि राजपूत, रूपेन्द्र जायसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, युवा, ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुल-पुलिया और सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का होगा विकास



कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहजता और आत्मीयता का परिचय देते हुए ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए गांव की बुनियादी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र तेजी से विकास की नई राह पर अग्रसर हो रहा है। ग्रामीणों ने उनके सरल, सहज एवं जनसरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व की सराहना भी की।

## हादसा: रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास हादसा, मकान क्षतिग्रस्त

# गाय को बचाने के दौरान घर में घुसा ट्रक, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में मंगलवार की दोपहर एक बार फिर भीषड़ सड़क हादसा सामने आया है। बताया जाता है कि इस सड़क हादसे में एक ट्रक गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर में जा घुसा।

दुर्घटना में जहां ट्रक चालक घायल हो गया वहीं मकान और ट्रक को भी काफी नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर पुट्टी की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 6670 नेशनल हाईवे 30 से होते हुए जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान कवर्धा कोतवाली अंतर्गत रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने गाय को बचाने का प्रयास किया जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित एक मकान जा घुसा और पलट गया। इस सड़क हादसे में जहां ट्रक चालक को चोटे आई है। वहीं मकान का एक बड़ा हिस्सा तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास उपस्थित लोगों का घटना स्थल पर जमघट लग गया और उन्होने घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाला तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बाद में घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अब आगे की कार्यवाही कर रही है।



### कवर्धा में बड़ा और गंभीर हादसा टला

यहां बताना लाजिमी होगा कि भारी भरकम और तेज रफ्तार पुट्टी की बोरियों से भरा ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसने से जिस ढंग से घर को नुकसान पहुंचा उसे देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना गंभीर और भीषण था। इसे गनीमत ही कहें की घटना के वक्त न तो अनियंत्रित ट्रक के सामने कोई था और न ही क्षतिग्रस्त मकान में कोई मौजूद था। नहीं तो किसी बड़ी और गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### जिले की सड़कों में निराश्रित मवेशी बन रहे दुर्घटना का कारण

शासन-प्रशासन के लाख दावों और तथा कथित योजनाओं व कार्यो के बाद भी जिले की सड़कों में निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही है। जिसका खामियाजा कभी मवेशियों को अपनी जान गवां कर भुगतना पड़ रहा है तो कभी वाहन चालक अपनी जान गवां रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि बावजूद इसके शासन-प्रशासन इस गंभीर व जीवलेवा समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है।

# जुआरियों की फड़ में पुलिस की दबिश, दो आरोपी गिरफ्तार, बाकी फरार



- 1.06 लाख रुपए जप्त, पोंड़ी पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए पोंड़ी चौकी पुलिस ने दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 1.06 लाख रूपए भी बरामद किए है। गिरफ्त में आए जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तक कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को मुखबिर के जरिए पोंड़ी पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम कुसुमघटा में फड़ जमाकर 52 पत्ती तास के जरिए रूपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पोंड़ी पुलिस ने तत्काल अपने वरिष्ट अधिकारियों के दिशा निर्देशों में एक टीम गठित की और मौके पर दबिस दी। बताया जाता है कि पुलिस के आने की सूचना पाकर फड़ जमाकर जुआ खेल रहे कई जुआरी मौके से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने आरोपी मुकेश वर्मा पिता प्रहलाद वर्मा आयु 30 वर्ष और बाल्मिकी वर्मा पिता तुकाराम वर्मा आयु 42 वर्ष, निवासी कुसूमघटा चौकी पोडी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को दबोच लिया। पुलिस ने इस दोनों आरोपियों के पास से कुल 1,06,900 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश और एक प्लास्टिक बोरी जप्त की है। गिरफ्त में आए दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा संबंधित अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और गिरफ्तार किया गया। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ग्वालियर किले में छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षु गाइडों का विरासत अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, कांकेर, बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा से आए ट्रैनी गाइडों ने डॉ चंद्रशेखर बरूआ के मार्गदर्शन में ग्वालियर किले की विरासत का गहन अध्ययन किया। अध्ययन यात्रा की शुरुआत गुजरी महल संग्रहालय से हुई, जहां विद्यार्थियों ने संग्रहालय में संरक्षित दुर्लभ प्रतिमाओं, शिल्पकला और धातुकला के उत्कृष्ट उदाहरणों को करीब से देखा। विशेषज्ञों ने कुछ प्रतिमाओं की तुलना विश्व–प्रसिद्ध मोनालिसा पेंटिंग से करते हुए बताया कि जैसे मोनालिसा की सूक्ष्म मुस्कान और अभिव्यक्ति कला का शिखर मानी जाती है, वैसे ही गुजरी महल की प्रतिमाएँ अपनी नाजुकता, संतुलन और भाव-अभिव्यक्ति के कारण अद्वितीय हैं। इसके बाद दल मानसिंह महल (मानमंदिर) पहुंचा, जहां रंगीन टाइलवर्क, राजसी कक्षों और हिंदू-तुर्की मिश्रित स्थापत्य ने ट्रेनी गाइडों को प्रभावित किया। महल के संगीत व नृत्य सभागारों की संरचना भी अध्ययन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। अगले चरण में प्रतिभागियों ने जैन पर्वत-उत्कीर्ण प्रतिमाओं का अध्ययन किया। विशाल तीर्थंकर मूर्तियों की निर्माण तकनीक, प्रतीकात्मकता और मध्यकालीन जैन समाज की उपस्थिति ने विद्यार्थियों को मूर्तिकला व धार्मिक विरासत की गहरी समझ दी। इसके बाद समूह सहस्त्रबाहु (सास-बहू) मंदिर पहुंचा, जहां नागर शैली की सूक्ष्म नक्काशी और स्थापत्य संतुलन को विस्तार से समझाया गया। मंदिर परिसर की अलंकरण शैली और कला विशेषताओं का भी अध्ययन किया गया। दौरे का अगला पड़ाव चतुर्भुज मंदिर रहा, जहाँ गाइडों ने विश्व के सबसे प्राचीन शून्य (0) के अभिलेख का अवलोकन किया जो भारतीय गणितीय प्रतिभा का सबसे महत्वपूर्ण प्रमाण माना जाता है। अंत में भ्रमण का समापन तेली के मंदिर पर हुआ। गुप्त गुर्जर प्रतिहार शैली के इस अद्वितीय मंदिर की ऊंची संरचना, विशाल अलंकरण तकनीक और स्थापत्य मिश्रण ने प्रशिक्षुओं को मध्यकालीन मंदिर निर्माण की समृद्ध परंपरा से अवगत कराया। डॉ चंद्रशेखर बरुआ ने बताया कि इस तरह का प्रत्यक्ष भ्रमण ट्रेनी गाइडों को इतिहास, कला और स्थापत्य के बारे में गहन समझ प्रदान करता है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा का आरोप बेबुनियाद व निराधार : बलीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम खपरी में दो पक्षों के बीच शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर चल रहा विवाद गहराते जा रहा है। हाल ही में स्थानीय निवासी रामाधार सिन्हा पिता थुकेल सिन्हा ने ग्रामीण बलीराम सिन्हा पर आरोप लगाया था कि उसने गांव गौचर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराया है।

रामाधार ने इस मामले की शिकायत प्रशासन से भी की थी। लेकिन बलीराम ने रामाधार के आरोपों को निराधार तथा द्वेष भावना पूर्ण बताया है। बलीराम ने स्पष्ट किया की जिस शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की बात की जा रही है उस पर वे सन 1975 से काबिज है।

वहीं उन्होने काबिज शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य कराए जाने से पूर्व ग्राम पंचायत से अनुमति ली है। जिस पर ग्राम पंचायत ने बकायदा ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर उन्हें अनापत्ति प्रदान की है। लेकिन रामाधार सिन्हा द्वारा बेवजह झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाते हुए उनकी शिकायत यहां वहां कर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस पर बलीराम ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

### छात्र-छात्राओं ने जाना पारंपरिक खेलों का महत्व

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक स्कूल चंदनपुर में शनिवार को पारंपरिक खेलकूद पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधान पाठिका जानकी भारती के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को सुबह प्रार्थना के साथ योगाभ्यास कराया गया। इसके बाद खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों ने न केवल खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि इन पारंपरिक खेलों के महत्व और उनसे मिलने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में भी जाना। ग्रामीणों ने भी इस आयोजन की सराहना की।

## ब्लाक कांग्रेस ने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग...




**कवर्धा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को रकबा संशोधन कार्य की तारीख बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि जिले सहित पंडरिया विकासखण्ड के ऐसे सैकड़ों किसान है जिनका भुइयां एप्प में धान का रकबा और एग्रोटेक एप्प में धान का रकबा अलग–अलग है और उनका संशोधन अब तक नही हो पाया है। उन्होने बताया कि शासन इस कार्य के लिए अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित की थी। लेकिन 25 नवम्बर तक भी यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्होने शासन से ज्ञापन सौंपकर पंजीयन एवं रकबा संशोधन तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग की है ताकि किसी भी किसान को समिार्न मूल्य में अपनी धान की फसल बेंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और वह धान बेंचने से वंचित न रह पाए।

## कलेक्टर वर्मा ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# एसआईआर की प्रगति बढ़ाने फील्ड मॉनिटरिंग पर उतरें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी अफसरों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के तहत जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में फॉर्म कलेक्शन और डिजिटाइजेशन में प्रगति को बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर नगरीय निकायों में जहां मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर भरे फॉर्म एकत्र कर तुरंत ऑनलाइन अपडेट किया जाए। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि नगरीय निकायों और जिन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति धीमी है वहां अतिरिक्त मैन पावर लगाएं, साथ ही मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी भी फील्ड पर सक्रियता के साथ नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम आवास निर्माण की प्रगति को लेकर सभी सीईओ जनपदों से बारी बारी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी आवास अविलंब प्रारंभ किए जाएं। आवास निर्माण को लेकर जनपद स्तर पर मॉनिटरिंग का सिस्टम बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी सहायक सहित जनपद स्टाफ निरंतर फील्ड निरीक्षण कर अपडेट दें। जहां कहीं आवास निर्माण से जुड़ी कोई दिक्कत है तो तत्काल उसका समाधान करवाएं। आवासों का पूरी गुणवत्ता के साथ त्वरित निर्माण पूर्ण करना अभी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। कलेक्टर ने कहा कि नियमित रूप से इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका द्वारा कवर्धा शहर में बनाए जा रहे चौपाटी निर्माण की प्रगति के बारे में अपडेट लिया, और अन्य विभागों के निर्माण प्रोजेक्ट्स की भी समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास मार्ग में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। ट्रैफिक डायवर्सन बताने आवश्यक संकेतक लगाने और लोगों को तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर कहा कि उपार्जन केन्द्रो में सुचारू रूप से खरीदी हो। धान खरीदी से संबंधित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। पीएम जनमन योजना के तहत बन रहे मल्टी परपज सेंटर और आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने निर्माण एजेंसीज को दिए।

# छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि बीईओ से मिले, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष नारायण प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से समन्वयको ने शिक्षकीय कार्य के अतिरिक्त दशहरा, दीपावली, शीतकालीन तथा ग्रीष्मावकाश में किए गए कार्यो के लिए शासकीय नियमानुसार प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 30 दिवस का अर्जित अवकाश सर्विस बुक में इंद्राज करने की मांग की है। साथ ही साथ सभी शिक्षकों व संकुल समन्वयकों के सर्विस बुक का सत्यापन राजनांदगांव व दुर्ग से कराने तथा समन्वयको की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यो में ना लगाने की मांग किया गया है। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जल्द से जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नारायण त्रिपाठी, किरण कुमार मिश्रा, देवेंद्र पाण्डेय, राजकिरण चंद्रवंशी, मनोज साहू, रेखूराम भट्ट, संजीव शर्मा, शिव पटेल, गौकरण सिंह धुर्वे उपस्थित थे।